स्किल विज्ञान परियोजना के अंतर्गत विभिन्न पाठ्यक्रमों हेतु चयनित अभ्यर्थियों की दूसरी वरियता सूची

जैवप्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार द्वारा वित पोषित एवं उत्तराखण्ड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (यूकॉस्ट), देहरादून संचालित स्किल विज्ञान परियोजना के अंतर्गत विभिन्न पाठ्यक्रमों हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों से आवेदन मांगे गये थे, जिसकी दूसरी वरियता सूची कुछ आवश्यक निर्देशों के साथ निम्नवत संलग्न है–

1. विभिन्न पाठ्यक्रमों हेतु चयनित अभ्यर्थी दिनांक 31 जुलाई, 2021 तक अनिवार्य रूप से अपना पंजीकरण करना सुनिश्चित करेंगे। पंजीकरण हेतु संलग्न पंजीकरण फॉर्म प्रत्येक पाठ्यक्रम हेतु अलग–अलग निर्धारित हैं।

2. पंजीकरण फॉर्म को स्पष्ट भरकर (अंकित अथवा टंकित) कर अनिवार्य दस्तावेज के साथ स्कन कॉपी एक पीडीएफ (PDF) फाइल बनाकर **skillvigyan.ucost@gmail.com** पर ई–मेल एवं हार्ड कॉपी को परिषद कार्यालय में भिजवाना अनिवार्य होगा।

3. अंतिम तिथि तक पंजीकरण ना करवाने वाले अभ्यर्थी को इच्छुक ना मानते हुए उस स्थान पर प्रतिक्षित (waiting) अभ्यार्थी को मौका दिया जाएगा।

4. एक से अधिक पाठ्यक्रमां हेतु चयनित अभ्यर्थी केवल एक ही पाठ्यक्रम का चयन कर सकते हैं तथा पाठ्यक्रम प्रारम्भ होने के उपरान्त किसी भी दशा में बदला नहीं जा सकेगा।

5. अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संसथान (AIIMS) ऋषिकेश में आयोजित होने वाले पाठ्यक्रम आवेदन फिलहाल कोविड–19 माहामारी के दृष्टिगत भारत सरकार के अधीन परिवर्तन अथवा कुछ अन्य बदलाव के लिए विचाराधीन है जिस पर उचित निर्णय उपरांत परिषद वेबसाइट (www.ucost.in) के माध्यम से सूचित किया जाएगा।

आवश्यक दस्तावेज

1- स्नातक अंतिम वर्ष की अंकतालिका एवं डिग्री की स्वप्रमाणित छायाप्रति

2- 10वीं की अंकतालिका एवं प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति

3- आधार कार्ड की स्वप्रमाणित छायाप्रति

4- आरक्षण प्रमाण पत्र